हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 20 जून 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

4
मेडागास्कर विधि से समय की बचत और धान की खेती में लागत भी कम : एक्सपर्ट



## खबर संक्षेप

### पीएम किसान की 23 वीं किस्त कल जारी होगी

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 71,517 पात्र किसानों के खाते में 23वीं किस्त की राशि 20 जून 2026 को दोपहर 3रू45 बजे ट्रांसफर की जाएगी। कुल 14.30 लाख रुपये सीधे किसानों के बैंक खाते में DBT के माध्यम से भेजे जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, जिला-हुगली से वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए राशि जारी करेंगे। इसका लाइव प्रसारण Webcast के माध्यम से होगा। कृषि विभाग के अनुसार, वर्तमान में खरीफ सीजन शुरू हो चुका है। ऐसे में किसानों के खाते में प्राप्त होने वाली राशि खाद, बीज एवं अन्य कृषि आदान सामग्री खरीदने में मददगार साबित होगी। इससे किसानों में खुशी का माहौल है। जिले के कृषि विज्ञान केंद्र डूमरबहारा एवं सभी विकासखंड मुख्यालयों में Webcast के जरिए कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, प्रगतिशील कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### बगीचा नगर पंचायत सीएमओ को नोटिस जारी

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने बगीचा नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी क्षितिज सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएमओ बगीचा द्वारा एक निजी व्यक्ति को नगर पंचायत बगीचा क्षेत्रांतर्गत मकानों में एसीपी सीट नंबर प्लेट लगाने एवं निर्धारित शुल्क वसूलने हेतु अनुमति प्रदान की गई थी। कलेक्टर ने माना है कि अनुमति जारी करने से पूर्व सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति, परिषद का संकल्प, प्रचलित नियमों एवं वैधानिक प्रावधानों का पालन नहीं किया गया है। जिस हेतु सीएमओ को 3 दिवस के भीतर 5 बिंदुओं पर स्पष्ट जवाब प्रस्तुत करने निर्देशित किया है। निर्धारित समयावधि में जवाब प्राप्त नहीं होने अथवा असंतोषजनक पाए जाने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### मॉनिटरिंग सेल, अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक

**जशपुरनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में जिला न्यायालय के सभाकक्ष में मॉनिटरिंग सेल तथा अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक 17 जून को हुई। बैठक में 12 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों को जल्द से जल्द विधिक सहायता प्रदान करने तथा दोषसिद्ध बंदियों को उनके अपील संबंधी अधिकारों से अवगत कराने के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक उमेंद सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सुमन सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्वेता बघेल, जेल प्रहरी, जिला जेल संजय खूंटे, डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस कोंसिल सिस्टम की बीमा चौहान उपस्थित रही।

### अधिक मूल्य पर बिक्री की शिकायत भी कर सकते हैं किसान

# खाद की कालाबाजारी रोकने हेल्पलाइन नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खरीफ सीजन को देखते हुए जिले में किसानों को खाद, बीज एवं कृषि ऋण की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित दर पर खाद एवं बीज प्राप्त करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल विभाग को दें।

विभाग ने किसानों से अपील की है कि निजी विक्रेताओं से उर्वरक खरीदते समय अनिवार्य रूप से बिल प्राप्त करें। यदि कोई विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद बेचता है या कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा डायवर्सन जैसी गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल कृषि विभाग के हेल्पलाइन नंबर 8770482889 एवं 7974291099 पर दें। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के सभी सहकारी एवं निजी विक्रय केंद्रों की लगातार निगरानी की जा रही है। कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अवैध भंडारण रोकने के लिए वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। किसानों को गुणवत्ता युक्त खाद, बीज एवं ऋण की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कृषि विभाग ने किसानों को निर्धारित दर पर ही उर्वरक खरीदने की सलाह दी है। शासन द्वारा प्रति बोरी यूरिया का मूल्य 266.50 रुपये, डीएपी 1350 रुपये, सुपर फास्फेट पाउडर 551 रुपए, सुपर फास्फेट दानेदार 591 रुपए, जिंकेटेड सुपर फास्फेट 576 रुपए, टीएसपी 1300 रुपए, एनपीके 20रू20रू0रू13 1850 रुपए, एनपीके 10रू26रू26 1990 रुपए तथा पोटाश 1975 रुपये निर्धारित की गई हैं। इसी प्रकार नैनो यूरिया 500 मिलीलीटर की बोतल 225 रुपये तथा नैनो डीएपी 600 रुपये प्रति बोतल निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध है।




#### सभी समितियों में पर्याप्त खाद

उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में सभी 44 सहकारी समितियों में खाद एवं बीज का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है तथा लगातार भंडारण बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में जिले की 44 सहकारी समितियों में कुल 10,274.240 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक उपलब्ध हैं। इनमें यूरिया 5288.390 मीट्रिक टन, डीएपी 2739.950 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 597.200 मीट्रिक टन, एनपीके 1038.450 मीट्रिक टन तथा पोटाश 610.250 मीट्रिक टन शामिल हैं। अब तक किसानों को कुल 5381.840 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया जा चुका है। इसी प्रकार सहकारी समितियों में 7672.20 क्विंटल धान बीज का भंडारण किया गया है, जिसमें से अब तक 2547.06 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया जा चुका है।

#### खाद-बीज का भंडारण निरंतर जारी

कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि समितियों में खाद एवं बीज का भंडारण निरंतर जारी है और किसानों को किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। किसानों को खेती के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहकारी समितियों के माध्यम से कृषि ऋण भी वितरित किया जा रहा है। जिले में अब तक 11 हजार 699 किसानों को 3465.47 लाख रुपये नकद तथा 804.54 लाख रुपये वस्तु ऋण के रूप में उपलब्ध कराए गए हैं। इस प्रकार कुल 4270.01 लाख रुपये का कृषि ऋण वितरित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 702.66 लाख रुपये अधिक कृषि ऋण किसानों को प्रदान किया गया है।

## आज जैविक खेती कार्यशाला में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन जशपुर द्वारा जैविक खेती कार्यशाला तथा भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन 20 जून शनिवार को प्रातः 11 बजे से कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कुनकुरी में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री ओपी चौधरी, सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक गोमती साय, विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, छग भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, छ.ग. माटी कला बोर्ड अध्यक्ष शम्भूनाथ चक्रवर्ती, छग अंत्यावसायी राज्य सहकारी वित्त एवं विकास निगम अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बेसरा, छग राज्य महिला आयोग सदस्य प्रियंवदा सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत सदस्य अनिता सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुशीला साय, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव एवं ग्राम पंचायत रेते सरपंच सरिता तिर्की उपस्थित रहेंगे।



- कुनकुरी कृषि महाविद्यालय में करेंगे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

## लोक निर्माण विभाग के सचिव सड़क निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**जशपुरनगर।** लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश बंसल ने जिले में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का 18 और 19 जून को निरीक्षण किया गया। उन्होंने रौनीघाट से बगीचा मार्ग, बगीचा से चराईडांड मार्ग तथा नवीन मेडिकल कॉलेज जशपुर के लिए पहुंच मार्ग निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण किया गया उनके द्वारा मेडिकल कॉलेज पहुंच मार्ग हेतु फोर लेन मार्ग निर्माण का प्रस्ताव प्रेषित करने निर्देशित किया गया। उन्होंने जशपुर से पत्थलगांव राष्ट्रीय राज्य मार्ग का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से कार्य संपादित करने के निर्देश दिए हैं। जशपुर एवं पत्थलगांव में विभाग के अंतर्गत चल रहे समस्त निर्माण कार्यों का विस्तृत समीक्षा की गई।

## 10 वीं, 11 वीं एवं 12वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग 23 को

**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 10 वीं 11 वीं एवं 12 वीं की रिक्त सीट में प्रवेश हेतु काउंसलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन 23 जून को संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित है। उक्त जानकारी देते हुए संकल्प के प्राचार्य ने बताया कि इन कक्षाओं में प्रवेश हेतु दिनांक 8 जून को आयोजित परीक्षा के उपरांत प्रावीण्य सूची जारी कर दी गई है। चयन सूची एन आई सी जशपुर के साईट में देख सकते है। प्रवेश के समय चयनित विद्यार्थियों को उत्तीर्ण कक्षा की अंकसूची की मूलप्रति और 02 फोटोकॉपी, स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मूलप्रति और 03 फोटोकॉपी, आधार कार्ड की मूलप्रति और 03 फोटो कॉपी, अपार आईडी और विद्यार्थी पेन नंबर , आय प्रमाणपत्र की मूलप्रतियदि बना है ।




## आत्मानंद स्कूल में शेष सीटों पर पुनः प्रवेश शुरू

**जशपुरनगर।** जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन आदर्श उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, जशपुर नगर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के बाद की रिक्त सीटों पर पुनः प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं की रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों का चयन पूर्व में किया गया, उसके पश्चात कुछ सीटों के लिए पात्र विद्यार्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण रिक्त सीटों के लिए पुनः प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।



आवेदन पत्र प्राप्त व जमा करने की अंतिम तिथि 24 जून 2026 निर्धारित है।बेहतर शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं के कारण इस विद्यालय में हर साल बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आवेदन करते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय स्तर पर ऑफलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, 24 जून तक कार्यालयीन दिवस में सुबह 8:30 से दोपहर 12:30 बजे तक विद्यालय के कार्यालय में यह सुविधा उपलब्ध है। विद्यालय के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी अनुसार कक्षा 9 वी और इससे ऊपर की कक्षाओं में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश लिया जाता है। यह प्रवेश परीक्षा पिछले कक्षा के पाठ्यक्रम पर आधारित लघु उत्तरीय प्रश्नों पर आधारित होगी, जिसके मेरिट के अंकों के आधार पर प्रवेश हेतु चयन सूची जारी की जाएगी परंतु प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। यह प्रवेश परीक्षा 25 जून को समय प्रातः 9 से 11 बजे तक विद्यालय में आयोजित की जाएगी।

# कल मनेगा जिला स्तरीय योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर में 21 जून को जिला स्तरीय योग दिवस सुबह 7 बजे से कम्युनिटी हॉल में मनाया जाएगा। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। जशपुर जिले में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगे।

- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल होंगे मुख्य अतिथि

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार आयुष विभाग द्वारा 21 जून 2026 को सुबह 7 से 7.45 बजे तक जिला मुख्यालय के विशिष्ट कम्युनिटी हॉल में जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। इसमें डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़वा नोडल अधिकारी (समस्त कार्यक्रम), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जशपुर कानून व्यवस्था, संपूर्ण तैयारी, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना, जिला शिक्षा अधिकारी, जशपुर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों के सभी कर्मचारियों, छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना, योग पूर्व प्रशिक्षण व्यवस्था, जिला आयुष अधिकारी एवं समाज कल्याण विभाग जशपुर सहायक नोडल अधिकारी (समस्त कार्यक्रम) संपूर्ण मंच व्यवस्था, कार्यक्रम का संचालन, आमंत्रण कार्ड एवं अतिथि आमंत्रण, कार्यपालन अभियंता, लो. निर्माण विभाग जशपुर मंच में टेन्ट, दरी, कुर्सी-टेबल, मैदान में गद्दे, मैट-योगा मैट की व्यवस्था एवं मानसून की स्थिति को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था, जिला खाद्य अधिकारी, जशपुर पौष्टिक स्वल्पाहार की व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता, लो. स्वा.यां. विभाग जशपुर पेयजल की व्यवस्था, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, जशपुर योगाभ्यास स्थल की साफ-सफाई, मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था, सहायक संचालक उद्यानिकी, जशपुर बुके एवं फूल-माला की व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता, विद्युत विभाग जशपुर माइक व्यवस्था एवं प्राचार्य संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर एन.सी.सी., स्काउट के छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना, मैदान में योग के संचालन हेतु लोक निर्माण विभाग के सहयोग से व्यवस्था पूर्ण कराना और श्री डमरूधर स्वर्णकार शिक्षक एवं योग प्रशिक्षक शासकीय नवीन आदर्श उ.मा.वि. जशपुर मंच पर योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योगाभ्यास एवं मंच संचालन करेंगे। जिला मुख्यालय के साथ-साथ जिले के सभी विकासखण्ड, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तर पर भी 21 जून को सुबह 7 बजे सामूहिक योगाभ्यास होगा। तहसीलदार संयोजक, जनपद सीईओ नोडल और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहायक नोडल रहेंगे। पुलिस, जेल, एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्कूल-कॉलेज के छात्र और आमजन को आमंत्रित किया गया है।




### उल्लास समर कैंप का समापन

# बच्चों ने बिखेरे कला के रंग, कलेक्टर ने थपथपाई पीठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़िया क्लाउड संस्था द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित 15 दिवसीय 'उल्लास समर कैंप' का बुधवार को शहर के संकल्प संस्थान में समापन हुआ। इस समर कैंप में बच्चों को पेंटिंग, शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम सहित विभिन्न रचनात्मक कलाओं की बारीकियां सिखाई गईं।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर रोहित व्यास उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य विनोद गुप्ता, संजीव शर्मा ⏭ शेष पेज 4 पर



**कैंप में इनका रहा अहम योगदानः** समर कैंप में बच्चों को अपने अपने क्षेत्र के कला विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया था, जिनमें सुमन साहू और टेसु ने चित्रकला विषय पर बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया वहीं गुरु मनीषा भगत ने शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम और वेस्टर्न डांस की बारीकियां सिखाई। संस्था का प्रयास होता है कि बच्चे जिस कला में रुचि रखते हैं उन्हें प्रशिक्षित कर प्रस्तुति और प्रदर्शनी तक में सहभागिता का अवसर दिया जाता है.

### कला और संस्कृति से जुड़ना रचनात्मक विकास के लिए जरूरी

कार्यक्रम में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ कला और संस्कृति से जुड़ना बच्चों के मानसिक और रचनात्मक विकास के लिए बेहद जरूरी है। इस 15 दिवसीय कैंप में बच्चों ने जिस लगन से पेंटिंग और भरतनाट्यम जैसी विधाओं को सीखा है, वह सराहनीय है। कला हमें जीवन को एक नया नजरिया देना सिखाती है। उन्होंने छत्तीसगढ़िया क्लाउड संस्था को इस बेहतरीन पहल के लिए बधाई दी और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।



## द इंडिया स्टोरी का पोस्टर रिलीज, काजल और श्रेयस उठाएंगे मिलावटखोरी का मुद्दा

**मुंबई।** एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है। द इंडिया स्टोरी फिल्म खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे पर आधारित है और एक दमदार कोर्टरूम ड्रामा पेश करने वाली है। पोस्टर में श्रेयस तलपड़े एक बीमार छोटी बच्ची को गोद में उठाए नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड में बॉम्बे हाई कोर्ट दिखाया गया है। साथ ही एक कीटनाशक का सिलेंडर गवाह के बॉक्स में रखा हुआ नजर आता है, जो इस बात का इशारा करता है कि फिल्म में कानूनी लड़ाई अहम भूमिका निभाएगी। फिल्म खाने में मिलावट के खतरनाक असर को दिखाएगी और बताएगी कि यह समस्या देश के लाखों परिवारों को कैसे प्रभावित करती है।

लाइफ Style



# अदा
## मराठी सिनेमा की तरफ बढ़ाए कदम

अभिनेत्री अदा शर्मा अब मराठी इंडस्ट्री में एक्टिंग का जादू बिखरने को तैयार हैं। उनकी पहली मराठी फिल्म का पहला पोस्टर सामने आ गया है। 'द केरल स्टोरी' और '1920' जैसी फिल्मों से दर्शकों के बीच पहचान बनाने वाली अदा शर्मा अब मराठी इंडस्ट्री में कदम रखने वाली हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उनकी पहली फिल्म होगी 'गजरा'। इसका ऐलान हो गया है। साथ ही पहली झलक भी सामने आई है। अदा शर्मा की डेब्यू मराठी फिल्म 'गजरा' का आधिकारिक एलान कर दिया गया है। यह फिल्म साल 2027 में रिलीज होगी। अदा इसमें लीड रोल निभाती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर कर यह जानकारी साझा की है। साथ ही लिखा है, 'मराठी में मेरी पहली फिल्म 'गजरा'। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है'। अदा शर्मा ने आगे लिखा है, मेरी पहली फिल्म 1920 से केरल स्टोरी, सनफ्लावर, कमांडो, बस्तर, रीता सान्याल तक, आपने मुझे बहुत प्यार दिया। हार्टअटैक, क्षणम, राणा विक्रम और मेरी सभी साउथ फिल्मों के लिए भी खूब प्यार दिया। मुझे अपने मराठी डेब्यू के लिए भी आप सभी के आशीर्वाद, साथ और प्यार की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि मैं आप सभी को गौरवान्वित कर सकूंगी और एक ऐसी फिल्म बना सकूंगी, जिसे आप सभी पसंद करें। फिल्म का पोस्टर काफी दिलचस्प है। इससे सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक अंधेरे, परेशान करने वाली और कठिन कहानी का संकेत मिल रहा है। अदा शर्मा की इस फिल्म का निर्देशन श्रेयस जाधव कर रहे हैं।

हॉलीवुड मसाला




### स्पाइडर-मैन की शक्तियां आउट
## ऑफ कंट्रोल

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो के लिए 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। सोनी पिक्चर्स इंडिया ने गुरुवार 18 जून की सुबह हिंदी ट्रेलर रिलीज किया है, जिसमें टॉम हॉलेंड पर्दे पर पीटर पार्कर यानी स्पाइडर-मैन बनकर लौट रहे हैं। 2 मिनट 35 सेकेंड के इस ट्रेलर में हमें 'स्पाइडर-मैनः नो वे होम' की घटनाओं के बाद की झलक मिलती है। लेकिन, सबसे अधिक चौंकाने वाला सीन वो है, जहां हम स्पाइडर-मैन को ब्रूस बैनर यानी हल्क से भिड़ते हुए देखते हैं। जैसे-जैसे पीटर खुद को पहले से ज्यादा मुश्किल हालात में धकेलता है, उसकी शक्तियां आश्चर्यजनक तरीकों से बदलने लगती हैं।



## उम्मीदों पर खरी उतरेगी अवेंजर्स डूम्सडे

**लॉस एंजिल्स।** रॉबर्ट डाउनी जूनियर, जो पहले एमसीयू फिल्मों में टोनी स्टार्क यानी आयरन मैन का किरदार निभा चुके हैं, इस बार इस फिल्म में विलेन डॉक्टर डूम के रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म दिसंबर में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने कहा है कि आने वाली मार्वल फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरेगी और 'अवेंजर्सः एंडगेम' के बाद दर्शकों को निराश नहीं करेगी। एक इंटरव्यू में, जो उन्होंने फिल्म के को-डायरेक्टर जो रूसो के साथ दिया, रॉबर्ट ने कहा कि फिल्म को बहुत सोच-समझकर बनाया गया है ताकि एवेंजर्सः इन्फिनिटी वार और 'अवेंजर्सः एंडगेम' जैसी बड़ी फिल्मों के बाद भी यह दर्शकों को पसंद आए। उन्होंने कहा, यह सिर्फ मेरी परफॉर्मेंस की बात नहीं है।



## दायरा की पहली झलक आई सामने...

**नई दिल्ली।** सैम बहादुर और राजी जैसी शानदार फिल्में बनाने वालीं निर्देशक मेघना गुलजार आने वाले समय में फिल्म दायरा से दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। लंबे समय से दायरा की चर्चा चल रही है, जिसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान और साउथ अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे कलाकार अहम किरदार में मौजूद हैं। गुरुवार को दायरा फिल्म की पहली झलक बीटीएस वीडियो के रूप में सोशल मीडिया पर सामने आई है। अभिनेता पृथ्वीराज ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर दायरा का एक लेटेस्ट बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। उनके साथ करीना कपूर भी लेडी पुलिस इंस्पेक्टर के किरदार में मौजूद हैं। दायरा के इस बीटीएस वीडियो से कन्फर्म होता हो कि ये फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है।



## मुसीबत में फंसे लोगों को बचाते दिखे सनी

**मुंबई।** आमिर खान के बैनर तले बनी फिल्म 'बंटवारा 1947' के फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज होने के अगले ही दिन मेकर्स ने इसका टीजर रिलीज कर दिया। बंटवारे की त्रासदी को दिखाते हुए बैकग्राउंड में आवाज चल रही है, 'हिंदुस्तान, जिसे बड़े संघर्ष और कुर्बानियों के बाद 200 साल की गुलामी से आजादी तो मिली, मगर अफसोस कि मुल्क का बंटवारा हो गया। मजहब के नाम पर इंसानियत की हत्या हो रही थी'। इसके बाद टीजर में बंटवारे के वक्त के उन दिल दहला देने वाले दृश्यों को दिखाने की कोशिश की गई है। बैकग्राउंड आवाज आमिर खान की है। बंटवारे के वक्त के मार्मिक सीन हैं। हर तरफ खून-खराबा है। विभाजन के हाहाकार वाले मंजर के बीच सनी देओल की एंट्री होती है। इसी के साथ शबाना आजमी, प्रीति जिंटा, करण देओल और अली फजल की झलक दिखाई गई है।

टीवी मसाला

## भक्ति में डूबे 'तारक मेहता के' मिस्टर अय्यर, जमीन पर बैठ बजाया मजीरा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिस्टर अय्यर का किरदार निभाने वाले तनुज महाशब्दे का एक वीडियो चर्चा में हैं, जिसे देख फैंस हैरान हैं और उनकी तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में तनुज महाशब्दे एक भजन संध्या में लीन नजर आ रहे हैं। वह आम लोगों के बीच जमीन पर



बैठकर भजन-कीर्तन कर रहे हैं और कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। तनुज महाशब्दे साथ ही मजीरा भी बजा रहे हैं। उनका यह अंदाज और आध्यात्म वाला रूप देख फैंस मुरीद हो गए हैं। मालूम हो कि तनुज महाशब्दे 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिस्टर अय्यर का किरदार निभाते हैं, जोकि एक साउथ इंडियन किरदार है। वह शो में बबीता जी यानी मुनमुन दत्ता के पति बने हैं। हालांकि, असल जिंदगी में तनुज महाशब्दे न तो साउथ इंडियन हैं और ना ही उनकी शादी हुई है। वह 45 साल के हैं और मध्य प्रदेश के देवास के रहने वाले हैं। तनुज महाशब्दे मराठी परिवार से हैं। शादी न होने की वजह के बारे में तनुज महाशब्दे ने कहा था कि इसकी वजह उन्हें पता नहीं है, पर वह असल जिंदगी के पोपटलाल हैं, जिनकी शादी नहीं हो पा रही है। हालांकि, उम्मीद जताई थी कि उन्हें जल्द ही अच्छा लाइफ पार्टनर मिल जाएगा। तनुज महाशब्दे ने एक बार एक इंटरव्यू में बताया था कि मिस्टर अय्यर के रोल के लिए उन्होंने कैसे तैयारी की थी। तनुज ने बताया था कि उन्होंने साउथ इंडियन स्टाइल में न सिर्फ लुंगी बांधना सीखा, बल्कि चेन्नई जाकर साउथ इंडियन लोगों के बीच कुछ समय तक रहे भी थे। उन्होंने उनकी तरह ही बोलना, उठना-बैठना और चलने का तरीका भी सीखा।

### नागिन की चमकी किस्मत

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते की भी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल ने 18 जून को टीआरपी लिस्ट जारी कर दी है। पिछले हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते भी जी टीवी का शो गंगा मां की बेटियां नंबर 1 पर बना हुआ है। इस शो की टीआरपी इस हफ्ते 1.9 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में दूसरे नंबर पर जीटीवी का ही शो वसुधा है। ये शो पिछले हफ्ते भी नंबर 2 पर था। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। पिछले



हफ्ते शो की टीआरपी 1.9 रिकॉर्ड की गई है। तुम से तुम तकः पिछले हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते भी नंबर तीन पर जीटीवी का सो तुम से तुम तक है। शो की इस हफ्ते की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। कलर्स के शो नागिन 7 की इस हफ्ते किस्मत चमकी है। ये शो पिछले हफ्ते नंबर 12 पर था और इस हफ्ते शो नंबर चार पर आ गया है। शो की टीआरपी 1.5 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में 5वें नंबर पर स्टार प्लस का सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 है। ये शो पिछले हफ्ते भी नंबर पांच पर था। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.5 रिकॉर्ड की गई है।

## 'दीवाने हैं' गाने में अक्षय रवीना का वही पुराना जादू

**मुंबई।** फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का नया और मजेदार गाना 'दीवाने हैं' रिलीज हो चुका है, जिसमें अक्षय कुमार और रवीना की जोड़ी को देखकर लोग पुरानी यादों में खो गए हैं। इस गाने को मुख्यमंत्री देवेंद्र गंगाधरराव फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस और आनंद राज आनंद ने गाया है। माना जा रहा है कि ये गाना दर्शकों दर्शकों के दिलों में बसी पुरानी यादों को फिर से तरोताजा कर देगा। कश्मीरी लोक गीत 'रक्षिदा रक्षिदा' के शानदार मेल से सजे इस जोशीले गाने में अक्षय कुमार के साथ रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस की जोड़ी



दिख रही है। इस गाने में रवीना के साथ अक्षय कुमार की केमिस्ट्री सभी को गुदगुदा रही है। ये गाना हर तरह से लोगों को नोस्टैलजिक फील दे रहा है। लोगों ने कहा है- एक बार फिर इनके रोमांस के वो पुराने किस्से दिमाग में घूमने लगे। वहीं फिल्म में इस फिल्म में बड़ी स्टारकास्ट शामिल है, जिसमें अक्षय और रवीना के अलावा जैकलीन, दिशा पाटनी, सुनील शेट्टी,अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विंदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला जैसे मंझे हुए कलाकारों ने फिल्म में खास भूमिका निभाई है। बताते चलें कि फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का निर्देशन अहमद खान ने किया है। यह फिल्म 'वेलकम' फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग है। इसमें अक्षय कुमार लीड रोल में में हैं, जो अपने आइकॉनिक अंदाज में वापसी कर रहे हैं। साजिद नाडियाडवाला और स्टार स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## बिहार का वो लोकगीत, जो सलमान के कॅरियर का बना बड़ा गाना, शारदा को मिली थी 56 रुपए फीस

**नई दिल्ली।** बिहार की मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा ने लोकगीतों के साथ-साथ फिल्मों में भी कई यादगार और सदाबहार गीत दिए हैं। एक ऐसा ही गीत उन्होंने सलमान खान की फिल्म में भी दिया जो उनके करियर का कल्ट लव सॉन्ग बन गया।

***37 साल बाद भी बना हुआ है कल्ट :*** खास बात यह है कि यह गाना सलमान खान की डेब्यू फिल्म मैंने प्यार किया के लिए बनाया गया था और दिलचस्प पहलू ये है कि शारदा सिन्हा ने भी इसी फिल्म से बॉलीवुड में अपना संगीत डेब्यू किया था। भले ही यह गाना 37 साल पहले बना हो लेकिन यह आज भी बॉलीवुड के कल्ट लव सॉन्ग में से एक बना हुआ है। इस कल्ट लव सॉन्ग में भोजपुरी के लिरिक्स सीधा दिल को छूते हैं और शारदा सिन्हा की आवाज इसे सुरमय बनाती है। गाने के लिरिक्स फिल्म की कहानी पर एकदम फिट बैठते हैं और इसे फिल्म के हीरो हीरोइन सलमान खान और शारदा सिन्हा पर फिल्माए गए हैं। यह गाना है- कहे तोसे सजना।



### रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी फिल्म ने

1989 में रिलीज हुई रोमांटिक फिल्म मैंने प्यार किया को 1 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ रुपए की रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी। डेब्यू फिल्म के लिए सलमान खान को 30,000 रुपएदिए गए थे। लेकिन, आपको जानकर हैरानी होगी की शारदा सिन्हा को यह कल्ट गाना बनाने के लिए सिर्फ 56 रुपए की फीस मिली थी। हालांकि, शारदा सिन्हा कुछ ही फिल्मों में काम करने के बाद लोक गीतों की ओर रूख कर लिया था। उन्होंने गैंग्स ऑफ वासेपुर का मशहूर गाना तार बिजली से पतले हमारे पिया भी गाया था।

### रहस्य और पुराने रिश्तों के बदले की कहानियां वीकेंड को बनाएंगी रोमांचक

# आज थिएटर्स और ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

***नई दिल्ली।** 19 जून के दिन ओटीटी और थिएटर्स में कई सारी फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। अगर आप भी इस वीकेंड कुछ मजेदार देखने का प्लान बना रहे हैं, तो अपनी पॉपकॉर्न की बाल्टी तैयार रखिए। एक तरफ जहां बड़ी - बड़ी फिल्में बड़े पर्दे पर दस्तक दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर बंद कमरों के रहस्य और पुराने रिश्तों के बदले की कहानियां आपका वीकेंड रोमांचक बनाने के लिए तैयार हैं।*

### ठुकरा के मेरा प्यार सीजन 2

पहले सीजन में शानविका और कुलदीप अलग हो गए थे। कुलदीप को लगा कि शानविका ने उसे धोखा दिया। ऐसे में कुलदीप ने सिर्फ शानविका से ही नहीं, बल्कि उसके पति और उसके परिवार से भी बदला लिया। अब दूसरे सीजन में शानविका, कुलदीप को जवाब देगी। ओटीटीः जियो हॉटस्टार, जॉनर- रोमांस, रिवेंज थ्रिलर, लीड एक्टर्स - संचिता बसु और धवल ठाकुर।

### वॉयसमेल्स फॉर इसाबेल

ये एक ऐसी इमोशनल कहानी है जिसमें बहन को खोने के गम को कम करने के लिए एक महिला अपनी बहन के पुराने नंबर पर वॉयस मैसेज छोड़ती है। लेकिन वह नंबर अब एक अजनबी को मिल चुका होता है, जो धीरे-धीरे उन मैसेजेस को सुनकर उस महिला की आवाज से प्यार करने लगता है। ओटीटीः नेटफ्लिक्स, जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, लीड एक्टर्सः जोई ड्यूच और निक रॉबिन्सन।



### हसबैंड्स इन एक्शन

जब एक महिला का अपहरण हो जाता है, तो उसे बचाने के लिए उसके एक्स पति को उसके पति से हाथ मिलाना पड़ता है। दोनों को अपनी आपसी कड़वाहट भूलकर एक साथ मिलकर एक अजीब और मजेदार रेस्क्यू मिशन पर निकलना पड़ता है। ओटीटीः नेटफ्लिक्स, जॉनरः एक्शन, कॉमेडी, लीड एक्टर्सः जिन सेओन-क्यू, गोंग म्युंग।

### सेव द टाइगर्स 3

शादीशुदा जिंदगी से परेशान रहने वाले तीन दोस्त- रवि, राहुल और विक्रम एक बार फिर वापस आ गए हैं। इस सीजन में उनकी रोज-रोज की घरेलू शिकायतों से परेशान होकर खुद भगवान इंद्र धरती पर आते हैं और उनका एक अनोखा टेस्ट लेते हैं, जिससे कहानी में कॉमेडी के साथ-साथ मजेदार फैंटेसी का तड़का लगता है। ओटीटीः जियोहॉटस्टार, जॉनरः कॉमेडी, ड्रामा, फैंटेसी,लीड एक्टर्सः प्रियदर्शी, चैतन्य कृष्णा, अभिनव गोमतम।

### हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं

शोले फिल्म के असरानी के मशहूर डायलॉग पर आधारित ये फिल्म एक डार्क मर्डर मिस्ट्री है। इसकी कहानी उत्तराखंड के पहाड़ों में सेट है, जहां एक पारिवारिक विवाद धीरे-धीरे खूनी खेल में बदल जाता है। जॉनरः क्राइम थ्रिलर / सस्पेंस, लीड एक्टर्सः असरानी, जरीना वहाब, मुश्ताक खान, मिलिंद गुनाजी।

### कॉकटेल 2

साल 2012 की सुपरहिट फिल्म 'कॉकटेल' के सीक्वल में आज के दौर के दोस्ती, उलझे हुए रिश्तों और दिल टूटने की कहानी को एक नए और स्टाइलिश अंदाज में पेश किया जाएगा। जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, लीड एक्टर्सः शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन

### समर्पित

ये एक बहुत इमोशनल और दिल को छू लेने वाली कहानी है, जो एक पिता के अपने बच्चों के प्रति बिना किसी शर्त के प्यार, त्याग और उनके भविष्य को संवारने के लिए किए गए संघर्षों को बड़े पर्दे पर दिखाती है। जॉनरः इमोशनल ड्रामा, लीड एक्टर्सः अंकित यादव, जया भट्टाचार्य।

### टॉय स्टोरी 5

डिज्नी और पिक्सर की इस मशहूर फ्रेंचाइजी के पांचवें पार्ट में वुडी, बज लाइटइयर और उनके दोस्तों की टोली का सामना आज के जमाने के सबसे बड़े विलेन से होने वाला है। इस बार विलेन बच्चों की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, आईपैड और मोबाइल स्क्रीन्स की लत हैं। जॉनरः एनिमेटेड / एडवेंचर।

## खबर संक्षेप

### कुमदा खदान की क्वारी में शव मिलने की सूचना पर दूसरे दिन भी चला तलाशी अभियान

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कुमदा सब एरिया अंतर्गत आने वाली क्वारी नंबर 5-6 करमपुर के गहरे जलभराव वाले क्षेत्र में एक व्यक्ति के शव होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस व गोताखोरों द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही है, लेकिन दूसरे दिन भी शव का कोई पता नहीं चल सका। जानकारी के अनुसार बुधवार को बिश्रामपुर पुलिस को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि करमपुर स्थित क्वारी नंबर 5-6 में किसी व्यक्ति का शव डूबा हुआ है। प्रारंभिक जानकारी में शव करीब एक माह पुराना बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल बचाव व खोज अभियान शुरू किया गया। खदान की क्वारी में पानी की गहराई अत्यधिक होने तथा तल में कीचड़ और दृश्यता लगभग शून्य होने के कारण तलाशी अभियान चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। बुधवार को बुलाए गए गोताखोरों ने पानी के भीतर उतरकर शव की तलाश का प्रयास किया, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण अभियान को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को खोज अभियान का दायरा बढ़ाया गया। बिश्रामपुर पुलिस के साथ सूरजपुर की डीडीआरएफ तथा अंबिकापुर की एनडीआरएफ टीम ने भी मोर्चा संभाला।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी अभियान प्रारंभ

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितों की सुरक्षा तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आधार आधारित ई-केवाईसी अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के तहत सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन अभिलेखों का आधार कार्ड में दर्ज जानकारी से मिलान कर आवश्यक संशोधन एवं अद्यतन करने की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में उपस्थित होना होगा। सीएससी संचालक द्वारा श्रमिक की पहचान का सत्यापन कर पोर्टल के रजिस्ट्रेशन अपडेशन मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। सत्यापन के उपरांत श्रमिकों की जानकारी को आधार कार्ड में उपलब्ध प्रमाणित विवरण के अनुरूप अद्यतन किया जाएगा। इस दौरान हिंदी एवं अंग्रेजी में नाम, जन्मतिथि, लिंग तथा मोबाइल नंबर जैसे महत्वपूर्ण विवरणों में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। इससे श्रमिकों का डाटाबेस अधिक सटीक एवं अद्यतन होगा तथा भविष्य में ई-केवाईसी एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। विभाग ने जानकारी दी है कि संशोधन आवेदन के लिए आधार कार्ड की स्पष्ट प्रति, श्रमिक का हस्ताक्षरित सहमति पत्र तथा मोबाइल ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। लाभार्थी की वास्तविक पहचान सुनिश्चित करने के लिए आवेदन प्रक्रिया के दौरान श्रमिक की लाइव फोटो भी कैप्चर की जाएगी। आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद एक विशिष्ट आवेदन क्रमांक जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। श्रम विभाग द्वारा सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से निर्धारित समयावधि के भीतर अपने अभिलेखों का सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन कराने की अपील की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने तथा रिकॉर्ड को त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। यह अभियान 30 जून तक संचालित रहेगा

### रीवा-चिरिमिरी एक्सप्रेस के नियमित संचालन की मांग तेज यात्रियों में बढ़ रहा आक्रोश

**मनेन्द्रगढ़।** रीवा-चिरमिरी और चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन के नियमित संचालन को लेकर क्षेत्र के यात्रियों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। कभी प्रतिदिन चलने वाली यह महत्वपूर्ण रेल सेवा पिछले कई महीनों से हर तीसरे दिन संचालित की जा रही है, जिससे एमसीबी, कोरिया और आसपास के जिलों के हजारों यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ट्रेन के नियमित संचालन की मांग के बीच स्थानीय सांसद द्वारा रेलवे मंत्रालय को पत्र लिखे जाने के बाद भी लोगों में यह भावना बनी हुई है कि केवल पत्राचार से समस्या का समाधान नहीं होने वाला। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रीवा-चिरिमिरी एक्सप्रेस मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण रेल सेवाओं में से एक है। प्रतिदिन संचालन के दौरान इस ट्रेन से नौकरीपेशा लोगों, छात्रों, व्यापारियों और मरीजों को बड़ी सुविधा मिलती थी। लेकिन वर्तमान में ट्रेन का संचालन सप्ताह में सीमित दिनों तक होने से यात्रियों की यात्रा योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। इसके चलते कई लोगों को वैकल्पिक और महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। यात्रियों की शिकायत है कि ट्रेन रविवार को रीवा में ही खड़ी रहती है और उस दिन सेवा उपलब्ध नहीं होने से यात्रा करने वालों को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ती है। लोगों का कहना है कि जब पहले यह ट्रेन नियमित रूप से संचालित हो सकती थी, तो अब इसके संचालन में कटौती का औचित्य समझ से परे है। इधर ट्रेन के नियमित संचालन की मांग को लेकर स्थानीय सांसद द्वारा रेलवे मंत्रालय को पत्र लिखे जाने की जानकारी सामने आई है।

## सीटें रिक्त बचने पर फिर शुरू होगी आवेदन की प्रक्रिया

# पीजी कॉलेज ने जारी की स्नातक प्रथम सेमेस्टर की मेरिट सूची, प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज में बुधवार से स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस बार भी गणित एवं डीसीए संकाय को छोड़कर कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में प्रवेश लेने के लिए उपलब्ध सीटों की तुलना में काफी अधिक आवेदन मिले हैं। बीएससी बायो संकाय में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की भारी भीड़ है तथा सीटों की तुलना में तीन गुना से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है।

**खास बात**

- बायो संकाय में मिले 3 गुना अधिक आवेदन, गणित एवं डीसीए में कम हुई रूचि

राजीव गांधी स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा व पुराना कॉलेज है तथा हर साल प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी आवेदन करते हैं। इस बार कॉलेज प्रबंधन द्वारा प्रवेश आवेदन के लिए 1 जून से 15 जून तक की तिथि निर्धारित की गई थी। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी टीसी एवं अंकसूची के लिए स्कूल खुलने का इंतजार करते रहे तथा निर्धारित तिथि गुजरने के बाद बिना आवेदन प्रवेश के लिए कॉलेज पहुंच रहे हैं। इस बार प्रवेश के लिए विभिन्न संकायों की 1885 सीटों के विरूद्ध 2686 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी भी आवेदन करते हैं जो किसी प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं अथवा दूसरे संस्थाओं में भी प्रवेश मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में कुछ संकायों की रिक्त सीटों पर अंतिम समय में प्रवेश होते है। इस बार कला संकाय में 880 सीट के विरूद्ध 970, वाणिज्य की 440 सीट के लिए 530, बायो संकाय की 250 सीट के लिए 779, गणित 255 के लिए 195, बीसीए की 60 सीट के लिए 123 एवं डीसीए 100 सीट के लिए मात्र 39 आवेदन मिले है। स्नातक गणित एवं डीसीए पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों की रूचि कम हुई है वहीं स्नातक बायों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इस बार बायो संकाय में प्रवेश के इच्छुक अधिकांश विद्यार्थियों को प्रवेश से वंचित होना पड़ेगा।



**बायो का कटऑफ 80.6, गणित का 70.6**

पीजी कॉलेज प्रबंधन द्वारा प्रवेश के लिए प्रथम मेरिट सूची जारी की गई है। मेरिट सूची में स्नातक बायो संकाय के सामान्य वर्ग का कट ऑफ 80.6 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग का 75.8, अजा का 43.2 एवं अजजा का 74.4 प्रतिशत है। स्नातक गणित संकाय में सामान्य वर्ग का कटऑफ 63..6 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग का 61.2 एवं अजजा का 56 प्रतिशत है। कला संकाय में सामान्य वर्ग का कटऑफ 66.78, अन्य पिछड़ा वर्ग का 56.6, अजा का 45.2 एवं अजजा का 53.2 है। इसी तरह स्नातक कम्प्यूटर साइंस में सामान्य वर्ग का कटऑफ 78.6, अन्य पिछड़ा वर्ग का 65.6, अजा का 64.4 एवं अजजा का 63.4 है। गणित एवं डीसीए में कम आवेदन मिलने के कारण सभी सीटें भर जाएंगी इसकी संभावना कम है। हालाकि प्रथम मेरिट सूची का प्रवेश पूरा होने के बाद रिक्त सीटों के लिए फिर से आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा।

**खाली रह जाती है सीट**

स्वीकृत सीट की तुलना में अधिक आवेदन मिलने के बावजूद कला, वाणिज्य, गणित एवं डीसीए संकाय की सीटें खाली रह जाती हैं। तीसरे चरण में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की भीड़ बढ़ती है तब रिक्त सीटों पर प्रवेश होता है। कई बार अंतिम चरण में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं की भीड़ बढ़ने के कारण मारा मारी की स्थिति निर्मित हो जाती है। आवेदनों की संख्या अधिक होने के कारण गणित एवं डीसीए संकाय को छोड़कर अन्य सभी संकायों की सीटें दूसरी मेरिट सूची में भरने की संभावना जताई जा रही है।

**दोबारा प्रारंभ की जाएगी आवेदन की प्रक्रिया**

प्रथम मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने उपरांत रिक्त सीटों के लिए दोबारा आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। बायो संकाय में अत्याधिक आवेदन मिलने के कारण सीट रिक्त रहने की संभावना नहीं है।

-डॉ.अनिल सिन्हा
प्राचार्य,पीजी कॉलेज



## गहरे गड्ढे में गिरने से इलेक्ट्रिक कार में लगी आग, चालक ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर गुरुवार की तड़के एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। झांपी नाला के पास सुबह करीब 4 बजे एक इलेक्ट्रिक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी और देखते ही देखते उसमें भीषण आग लग गई। हादसे में कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई, जबकि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली।

जानकारी के अनुसार पहाड़ अमोरनी निवासी विक्रांत करण कुलदीप आ. स्व. बालकरन कुलदीप (27 वर्ष) अपनी इलेक्ट्रिक कार से अंबिकापुर से गांव लौट रहे थे। जैसे ही कार सवार झांपि नाला के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे एक ट्रक की तेज हेडलाइट की रोशनी के कारण उनकी आंखें चौंधिया गईं जिससे वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क से नीचे उतरकर गहरे गड्ढे में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के तुरंत बाद कार से धुआं निकलने लगा और कुछ ही पलों में आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते इलेक्ट्रिक कार आग के गोले में तब्दील हो गई। हालांकि चालक विक्रांत ने खतरे को भांपते हुए समय रहते कार से बाहर छलांग लगा दी, जिससे उनकी जान बच गई। दुर्घटना के बाद घायल युवक ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 में तैनात राकेश साहू एवं चालक सुधारण लकड़ा मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक को मामूली चोटें होने के कारण छुट्टी दे दी।

विक्रांत का निवास अंबिकापुर में भी है तथा पहाड़ अमोरनी में उनका फार्म हाउस स्थित है। इसी कारण वह अक्सर इस मार्ग से आवागमन करते हैं। लेकिन गुरुवार तड़के हुई यह दुर्घटना से बाल बाल बच गए। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क दुर्घटनाओं के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों में आग लगने की घटनाओं को लेकर चिंता बढ़ा दी है। हालांकि इस मामले में आग लगने का कारण दुर्घटना के दौरान बैटरी सिस्टम को हुए नुकसान को माना जा रहा है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## वन भूमि व्यपवर्तन राशि का भुगतान लम्बित रहने से जिला न्यायालय नए भवन का निर्माण अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- जिला अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र निराकरण करने की मांग की
- पिछला भुगतान में देरी होने के कारण वन विभाग ने व्यपवर्तन की राशि को रिवाइज किया,पुन: पौने पांच लाख भुगतान करने को कहा



जिला मुख्यालय सूरजपुर में प्रस्तावित नवीन जिला न्यायालय भवन का निर्माण पिछले कई वर्षों से जटिल प्रशासनिक प्रक्रियाओं कारण अधर में लटका हुआ है। अब इस महत्वाकांक्षी परियोजना के सामने 4 लाख 68 हजार 340 रुपए की राशि सबसे बड़ी बाधा बन गई है। इसी मुद्दे को लेकर जिला अधिवक्ता संघ सूरजपुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शिवनंदनपुर प्रवास के दौरान ज्ञापन सौंपकर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बलराम शर्मा व राजू दास ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2013 में सूरजपुर को नया जिला बनाए जाने के बाद जिला न्यायालय की स्थापना तो कर दी गई, लेकिन आज तक न्यायालय का अपना आधुनिक और स्थायी भवन नहीं बन पाया है। इस कारण न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं तथा न्याय की तलाश में आने वाले हजारों पक्षकारों को प्रतिदिन असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के अनुसार नवीन जिला न्यायालय भवन निर्माण के लिए वर्ष 2017 में भूमि का चयन कर लिया गया था। हालांकि चयनित भूमि में 1.82 हेक्टेयर राजस्व वन भूमि शामिल होने के कारण वन व्यपर्तन की प्रक्रिया शुरू की गई। यह प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, लेकिन इसके लिए निर्धारित अंतर की राशि 4,68,340 रुपए जमा किया जाना आवश्यक है। भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय नागपुर द्वारा 6 मई 2026 को जारी पत्र में भी इस राशि के भुगतान का उल्लेख किया गया है। अधिवक्ता संघ का कहना है कि राशि जमा होते ही वन व्यपर्तन की अंतिम स्वीकृति मिल सकती है और न्यायालय भवन निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा। अधिवक्ता संघ ने ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया है कि परियोजना को लेकर विभागीय स्तर पर कार्यवाही अत्यंत धीमी गति से चल रही है। स्थिति यह है कि इतने वर्षों बाद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन का विस्तृत ड्राइंग और स्टीमेट तक तैयार नहीं किया गया है। इससे न केवल निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, बल्कि आमजन और अधिवक्ताओं में भी भारी नाराजगी व्याप्त है। संघ का कहना है कि जिला बनने के 13 वर्ष बाद भी न्यायालय का स्थायी भवन न बन पाना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त न्यायालय भवन समय की मांग है।मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में अधिवक्ता संघ ने मांग की है कि वन व्यपर्तन के लिए आवश्यक 4.68 लाख रुपए की राशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उच्च अधिकारियों की एक विशेष टीम गठित कर पूरी परियोजना की निगरानी कराई जाए, ताकि वर्षों से लंबित यह महत्वपूर्ण कार्य तेजी से आगे बढ़ सके।

यदि शासन स्तर पर शीघ्र निर्णय लेकर आवश्यक राशि जारी कर दी जाती है, तो सूरजपुर जिले को जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से लैस नया जिला न्यायालय भवन मिल सकता है। इससे न्यायिक कार्यों की गुणवत्ता बढ़ेगी, अधिवक्ताओं को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा और आम नागरिकों को भी न्याय प्राप्त करने में सुविधा होगी।

## नेशनल प्रेस्टीज अवार्ड से सम्मानित किए गए अधिवक्ता सोनी

- अरबाज खान, करण मेहरा अशनूर कौर ने किया सम्मानित

**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को जनहित, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए बेस्ट आरटीआई एंड पीआईएल कार्यकर्ता सम्मान से सम्मानित किया गया है।

अधिवक्ता डॉ. सोनी को यह सम्मान 30 मई को ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा कर्नाटक के हुबली स्थित होटल डेनिसंस में आयोजित भव्य समारोह में नेशनल प्रेस्टीज अवार्ड 2026 प्रदान किया गया। समारोह में बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान, टीवी कलाकार करण मेहरा एवं अभिनेत्री अशनूर कौर के साथ साथ गोलोबल रिसर्च फाउंडेशन संस्था के फाउंडर चेयरमैन श्रीधर द्वासकर के करकमलों से डॉ. सोनी को सम्मान पत्र एवं अवार्ड प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में 27 राज्यों के लोग उपस्थित थे तथा गोलोबल रिसर्च फाउंडेशन संस्था के फाउंडर चेयरमैन श्रीधर द्वासकर, वाइस प्रेसिडेंट ऐश्वर्या दवास्कर भी उपस्थित थी। डॉ. सोनी लंबे समय से सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत हैं। अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से वे आम लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरटीआई और जनहित याचिकाओं के जरिए कई महत्वपूर्ण मामलों को उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचाया तथा अनेक मामलों में सफल कानूनी लड़ाई लड़ी है। देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के नामांकन आमंत्रित किए गए थे। चयन प्रक्रिया के बाद जनहित, आदिवासी हित, सुशासन और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. सोनी का चयन किया गया। इस सम्मान से अंबिकापुर सहित पूरे सरगुजा क्षेत्र में खुशी का माहौल है।






## शहीदी गुरुपर्व पर ठंडे छबील चना प्रसाद का हुआ वितरण

**बिश्रामपुर ।** नगर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में गुरुवार को सिक्खों के पांचवे गुरु श्री अर्जन देव जी का शहीदी गुरुपर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया,अखंड पाठ की समाप्ति व अरदास पश्चात परंपरा अनुसार चना प्रसाद व ठंडे छबील का वितरण किया गया,सिक्ख युवा समिति के सदस्यों ने बस स्टैंड,वन बी-वन सी कॉलोनी में भी स्टॉल लगाकर तपती व उमस भरी गर्मी में राहगीरों और स्थानीय लोगों को ठंडी छबील शरबत पिलाया,गौरतलब है कि सिक्खों के पंचम पातशाही श्री गुरु अर्जन देव को जून माह में धर्म व न्याय की रक्षा के लिए शहीदी प्राप्त हुई थी, सिक्ख परंपरा अनुसार इन्हें शहीदों का सरताज भी कहा जाता है।

## रंजू को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व



**अम्बिकापुर।** अभा अग्रवाल सम्मेलन ने नगर की रंजू अग्रवाल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। समाज के इतने बड़े पद पर पहली बार किसी महिला को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राहुल मेडिकल के संचालक एवं पूर्व पार्षद वरिष्ठ भाजपा नेता संजय अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती अग्रवाल को अभा अग्रवाल सम्मेलन ने समाज में उनकी सक्रियता, महिलाओं को जोड़ने एवं महिला नेतृत्व की क्षमता को देखते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है।



## नन्हें कदम बढ़े स्कूल की ओर शाला प्रवेश उत्सव में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- नवप्रवेशी बच्चों का हुआ आत्मीय स्वागत

नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के साथ नगर के कोईरीटोला स्थित प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया तथा उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने का संकल्प दिलाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बच्चों का मुंह मीठा कराया। अतिथियों ने बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।

शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। नवप्रवेशी बच्चों के चेहरे पर विद्यालय से जुड़ने की खुशी साफ झलक रही थी। अतिथियों ने बच्चों एवं उनके पालकों को शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास करने का कहा गया। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की बात कही साथ ही अधिकारियों ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना है।

इस दौरान एसडीएम आनंद राम नेताम, विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजय कुशवाहा एवं भाजपा महिला नेत्री शर्मिला गुप्ता के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाओं, पालकों एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।

## कृषि वैज्ञानिकों ने उन्नत व आधुनिक कृषि पर दिया व्याख्यान

# प्राकृतिक खेती पर किसान मोर्चा की जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं किसानों को रसायन मुक्त कृषि के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यशाला उत्साह, जनभागीदारी एवं किसान हितैषी विचारों के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यशाला में प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 51 प्रगतिशील किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की गई। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष कपिल पांडेय ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की पद्धति नहीं बल्कि किसानों की आर्थिक समृद्धि, भूमि की उर्वरता तथा मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में प्राकृतिक खेती को नई पहचान मिली है। किसान मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यशाला किसानों को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि केंद्र सरकार के सफल 12 साल बेमिसाल कार्यकाल में किसानों के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि आज भारत विश्व पटल पर मजबूती के साथ अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। कृषि क्षेत्र में भी अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। किसान मोर्चा के संभागीय प्रभारी रमेश सिंह ने प्राकृतिक खेती की व्यावहारिक जानकारी देते हुए किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र तथा अन्य जैविक घोल तैयार करने की विधि समझाई। भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता है। रसायन युक्त कृषि से जहां भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है वहीं मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आदिवासी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती भारतीय परंपरा और संस्कृति से जुड़ी हुई है। यह खेती किसानों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है।

## खबर संक्षेप

### 24 को ग्राम पंचायतों में होगी ग्राम सभा

**रायगढ़।** 24 जून को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं के लिए समय-सारिणी तैयार कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने बताया कि ग्राम सभा में ग्राम पंचायत के बजट, विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति एवं प्रगति की समीक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण में शामिल पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन, आवश्यक संशोधन करेक्शन तथा प्रतीक्षा सूची के संबंध में भी विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम सभाओं में वीबीजी राम जी योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के साथ शासन द्वारा निर्धारित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी। ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से ग्राम सभा में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है।

### प्रतिनिधियों ने किया ईवीएम का निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पद्मिनी भोई साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश साहू, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, भाजपा से दिलीप साहू, कांग्रेस से राधेलाल जायसवाल, बसपा से देव कोसले व रमेश अनंत, आप पार्टी से नंदकुमार, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी पार्टी से विकास टंडन ने सारंगढ़ के कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित निर्वाचन वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी ईवीएम के रखरखाव, भवन में बारिश से सीपेज, सीसीटीवी कैमरा आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, लिपिक अविनाश सिदार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### छायाचित्र प्रदर्शनी स्कूली बच्चों से रहा गुलजार

**सारंगढ़।** भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा अटल परिसर सारंगढ़ में आयोजित 03 दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी बुधवार क़ो स्कूली बच्चों की उपस्थिति में गुलजार रहा। बच्चों ने प्रदर्शनी के समक्ष सेल्फी और सामूहिक फोटो भी ली। शिक्षक सत्येंद्र बसंत की अगुवाई में स्कूली शिक्षक और छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए कार्य के अनेक बिंदुओं राष्ट्र निर्माण, राष्ट्र प्रथम, विश्वबंधु, मेरा स्टार्टअप, विकसित भारत का संकल्प से सजे छायाचित्र प्रदर्शनी और एलईडी में प्रसारित वीडियो से देश के विकास की वीडियो क्लिप का अवलोकन किया गया। साथ ही जनसंपर्क विभाग की जनमन सहित विभिन्न विभागीय पत्रिका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के भाषणों का अंश पुस्तक का भी वितरण किया गया। छायाचित्र प्रदर्शनी सुबह 11 से रात 9 बजे तक किया जा रहा हैजिसका समापन गुरुवार क़ो होगा।

### पहाड़ी कोरवा परिवारों के सर्वे के लिए दलों की ट्रेनिग

**रायगढ़।** विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह पीवीटीजी के अंतर्गत आने वाले पहाड़ी कोरवा परिवारों के समग्र विकास और शासन की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पहुंचाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत लैलूंगा के सभा कक्ष में मंगलवार को पहाड़ी कोरवा परिवारों के हाउसहोल्ड डाटा कैप्चर कार्य हेतु गठित सर्वे दलों का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लैलूंगा विकासखंड के सभी सर्वे दलों को मोबाइल आधारित सर्वे एप्लीकेशन के माध्यम से परिवारों की जानकारी संकलित करने, दस्तावेजों के सत्यापन, पात्रता निर्धारण तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के संतृप्तिकरण संबंधी जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य सर्वे कार्य को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करना है।

## किसानों को दिया गया प्रशिक्षण, जिंदल फाउंडेशन ने बताए उपाय

# मेडागास्कर विधि से समय की बचत और धान की खेती में लागत भी कम : एक्सपर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धान की फसल में लागत बढ़ती जा रही है, वहीं काम करने वाले मजदूरों की कमी होती जा रही है, ऐसे समय में कम लागत और कम समय में खेती करने के तरीके बताने के लिए जिंदल फाउंडेशन द्वारा दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कृषि विज्ञान केंद्र के एक्सपर्ट द्वारा किसानों को बताया गया कि मेडागास्कर कतार बोनी विधि से धान की बोआई करने से समय की भी बचत होती है और किसानों को खर्च भी कम आता है। एक्सपर्ट द्वारा किसानों को मषीन से रोपाई करने के लिए डेमो भी बताया गया।

खरीफ की खेती का दिन आ गया है, किसान अपने खेतों को तैयार करने में लगे हैं ऐसे समय में किसानों को खेती के लिए सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। जिंदल फाउंडेशन द्वारा अपने कार्पोरेट सोशल रिस्पांस्बिलिटी के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कुवोटा और शक्तिमान कंपनियों के सहयोग से तमनार में किया गया।


प्रशिक्षण में पहुंचे किसान।

जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ के कृषि वैज्ञानिक डा. केके पैकरा और डा. केएन पटेल ने जानकारी दी। कंपनी के इंजीनियरों ने बताया कि रोपाई से पहले मिट्टी को पहले रोटावेटर चलाकर भुरभुरी कर लें वह पाउडर की तरह हो जाए उसके बाद भुरभुरी मिट्टी को ट्रे में डालें। उसी ट्रे में मशीन से बीजों को डाला जाता है। उन्होंने बताया कि जरूरत के अनुसार ही मषीन ट्रे में बीज गिराती है। इसके बाद उपचारित बीज को व्यवस्थित रखा जाता है करीब 15 से 20 दिनों के अंदर वह बीज ट्रांसप्लांट के लायक हो जाता है। इसके बाद पेडी ट्रांसप्लांट मशीन से लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मशीन एक दिन में कम से कम 6 एकड़ खेत में रोपाई कर सकती है। इससे समय की बचत होती है। सीएसआर टीम के सुरेश डनसेना ने बताया कि किसानों के लिए जरूरी बेलर मशीन, राउंड बेलर, स्कवेयर बेलर, इस्ट्रा रिपर, स्लेसर, हेरेक, बूम स्प्रे मशीन, प्लाफ रोटावेटर बाजार से कम दर पर किराए में मिल सकती है। इसके लिए किसानों को एफपीओ से संपर्क करना होगा। लागत और लेबर भी कम लगता है।

**पराली जलाने से खेतों में आर्गेनिक कार्बन की होती है कमी**

किसानों को बताया गया कि पराली को जला देने से खेतों में आर्गेनिक कार्बन की कमी हो जाती है, इसलिए उसे जलाने के बजाय डिकंपोज करना चाहिए। किसानों को बताया गया कि बूम स्प्रे मशीन की चैड़ाई 20 फीट से अधिक होती है, एक बार में इतने बड़े एरिया को कवर कर लेता है। बूम स्प्रे से पराली को डिकंपोज किया जा सकता है। इसके बाद पराली से खाद बनती है।



## मोदी सरकार के 12 साल पूरे सिंदूर पार्क में फोटो प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रायगढ़ के सिंदूर पार्क में आयोजित तीन दिवसीय भव्य फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ आज राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व पटल पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है।

बीते 12 वर्षों में देश ने विकास सुशासन, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांतिए सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का प्रत्येक वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं ने किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों, गरीब एवं वंचित वर्गों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल मिला है, वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ने प्राकृतिक आपदाओं के समय किसानों को सुरक्षा प्रदान की है।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतवार तैयार होगा एक्शन प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार को जनपद पंचायत घरघोड़ा और रायगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित सभी घटकों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीईओ द्वारा की गई, जिसमें दोनों जनपदों के अधिकारी कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की ब्लॉक स्तरीय टीम उपस्थित रही। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा एसडब्ल्यूएम रुल्स 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में अपशिष्ट प्रबंधन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजनाओं की प्रगति का आकलन किया। समीक्षा बैठक के दौरान एसडब्ल्यूएम रुल्स 2026 के तहत ग्राम पंचायतवार जीपी वाईस एक्शन प्लान की गहन समीक्षा की गई। सभी ग्राम पंचायतों को निर्धारित श्रेणीकरण के अनुरूप अपनी कार्ययोजना तैयार करने तथा समयबद्ध तरीके से उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में घर-घर से कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत बनाने, स्त्रोत स्तर पर सूखे एवं गीले कचरे के पृथक्करण को बढ़ावा देने,4 डस्टबिन प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने तथा सेग्रीगेशन शेड के नियमित संचालन पर विशेष बल दिया गया। बैठक में सितंबर 2026 एवं मार्च 2027 तक निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए चयनित ग्राम पंचायतों में आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने पर जोर दिया गया। सभी ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करें।

### सेजेस कुंजेमुरा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

**तमनार।** तमनार विकास खण्ड के सेजेस कुंजेमुरा के प्राथमिक माध्यमिक एवं हाई स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरित कर अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया गया। बोर्ड टॉपर्स को 18 हजार का नकद पुरस्कार एसएमडीसी पदाधिकारियों द्वारा 100 प्रतिशत रिजल्ट देने वाले शिक्षकों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। जिला पंचायत सदस्य रमेश बेहरा मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं विद्यालयीन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रमेश बेहरा, बीडीसी यज्ञसेनी उमेश सिदार, सरपंच संजुक्ता खेसए एसएमडीसी उमेश सिदार, कार्तिक निषाद, बीईओ मोनिका गुप्ता, एबीईओ युके सिदार, बीआरसी, एप्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाएं, पालकगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सड़क बाधा और सी एंड डी वेस्ट फैलाने वालों पर निगम की कार्रवाई

**रायगढ़।** निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देश पर नगर निगम की सफाई टीम द्वारा शहर में सड़कों पर निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट सीएंडडी वेस्ट, रेत, गिट्टी एवं अन्य निर्माण सामग्री फैलाकर आवागमन बाधित करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान निगम की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर सड़क बाधा उत्पन्न करने वाले लोगों के विरुद्ध 11 हजार रूपए जुर्माना लगाते हुए 5 ट्रैक्टर ट्राली निर्माण सामग्री जब्त किया।

कार्रवाई के दौरान जूटमिल, कबीर चौक और छातामुड़ा क्षेत्र में गुरुजी आटा चक्की द्वारा सड़क पर सी एंड डी वेस्ट फैलाए जाने पर 1,000 रुपए, सुदर्शन देवांगन के द्वारा सड़क पर निर्माण सामग्री फैलाने पर 3,000 रुपए तथा डी एम साव द्वारा सड़क पर सी एंड डी वेस्ट पाए जाने पर 5,000 रुपए पेनाल्टी वसूला गया। इसी तरह विजयपुर चौक पर रवि सोनी द्वारा सड़क पर निर्माण मटेरियल रखने और सड़क बाधा करने पर 2 हजार रुपए जुर्माना वसूलते हुए सभी जगहों से 5 ट्रैक्टर ट्राली मटेरियल जब्त किया गया। इस दौरान संबंधित व्यक्तियों को तत्काल सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों से मलबा हटाने के निर्देश भी दिए गए। नगर निगम की टीम ने अभियान के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर 10 से अधिक लोगों को समझाइश दी। उन्हें बताया गया कि सड़क, नाली एवं सार्वजनिक स्थलों पर निर्माण मलबा अथवा अन्य सामग्री डालने से यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है। निगम द्वारा भविष्य में ऐसे मामलों में और अधिक सख्ती बरतने की चेतावनी भी दी गई।



**एक ही दिन में चार पर 11 हजार किया गया पेनाल्टी**

नगर निगम द्वारा चलाए गए अभियान में सड़क बाधा एवं सी एंड डी वेस्ट फैलाने के चार प्रमुख मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 11000 रुपए पेनाल्टी वसूला गया। इसके अलावा 10 से अधिक लोगों को मौके पर समझाइश देकर सार्वजनिक स्थलों पर निर्माण मलबा नहीं डालने की हिदायत दी गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में सड़क बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियमों के विपरीत सड़क बाधा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गौ ग्राम जनजागरण वाहन क़ो कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के तत्वावधान में आयोजित गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का शुभारंभ कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा वाहन को रवाना किया, जो गांव-गांव तक गौ संरक्षण का संदेश पहुंचेगा।



इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, भरत अग्रवाल, यशवंत सिंह ठाकुर, गौधाम संचालक प्रकाश तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने गौ संरक्षण एवं संवर्धन के इस अभियान की सराहना करते हुए इसे जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गौवंश के संरक्षण, संवर्धन, प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। यात्रा के माध्यम से किसानोंए पशुपालकों एवं आम नागरिकों को गौ आधारित कृषि और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र पाण्डेय ने कहा कि शासन द्वारा गौवंश के संरक्षण एवं पशुपालकों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## मुकडेगा और हाटी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण, डीएमएफ से 3.20 करोड़ होगा खर्च

- खनन प्रभावित क्षेत्रों के हजारों लोगों को मिलेगा सीधा लाभ, समय और धन दोनों की होगी

**रायगढ़।** जिले के ग्रामीण एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 3 करोड़ 20 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके तहत लैलूंगा ब्लॉक के मुकडेगा तथा धरमजयगढ़ ब्लॉक के हाटी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण एवं उन्नयन किया जाएगा।

इस पहल से हजारों ग्रामीणों, आदिवासी परिवारों और खनन प्रभावित समुदायों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। स्वीकृत राशि में लैलूंगा ब्लाक के मुकडेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण एवं उन्नयन हेतु 1 करोड़ 20 लाख 30 हजार तथा धरमजयगढ़ ब्लॉक के हाटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 1 करोड़ 99 लाख 70 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य दूरस्थ और खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना तथा ग्रामीणों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य केंद्रों के विकसित होने के बाद स्थानीय लोगों को छोटी-बड़ी बीमारियों के उपचार, प्राथमिक चिकित्सा, टीकाकरण और नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। गांव के समीप ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी।

**मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा नया बल**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन से क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाइयां, टीकाकरण और प्रसव संबंधी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिलेगा तथा जच्चा-बच्चा दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इसके अलावा नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और पोषण संबंधी सेवाओं में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सकारात्मक परिवर्तन आने की उम्मीद है।

## सारंगढ़ में एसकेडीवी मिशन की हुई आवश्यक बैठक, लिए गए निर्णय

**कोसीर।** जिला मुख्यालय सारंगढ़ में एसकेडीवी मिशन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का आवश्यक बैठक किया गया। ट्रेनिंग वर्कशॉप में भाग लेने वाले समस्त प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया। पंथ श्री हुजूर साहब के बताए दिशा निर्देश मार्ग में चलना एवं नियमावली आचार संहिता का पालन करना समस्त प्रतिनिधियों एवं कबीर पंथियों से अनुरोध किया गया। पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब के आदेशानुसार 29 जून को सद्गुरु कबीर साहब का प्राकट्य उत्सव आयोजन सुनिश्चित करना एसकेडीवी मिशन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला मुख्यालय में सद्गुरु कबीर साहब के प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाने एवं शोभा यात्रा भोजन भंडारा खीर प्रसाद वितरण करने का निर्णय लिया गया। एसकेडीवी मिशन के सभी प्रतिनिधियों ने स्वयं इच्छानुसार इस कार्यक्रम के लिए राशि दान सहयोग दिया गया। बैठक में उपस्थित वरदास जिला प्रतिनिधि, दिलीप दास जिला परोपकारी, दिनेश दास जिला युवा प्रतिनिधि, पूनम महंत जिला महिला प्रतिनिधि, अगर दास सारंगढ़ तहसील प्रतिनिधि, किशोर, गोविंद, शकुंतला, रोशनी, नृप दास, मनोज दास, रोहित, श्याम सुंदर, सुपारी दास, लाल दास, हरीश एवं समस्त प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# वनमण्डल ने रोपे 2 लाख से अधिक सीडबॉल

**जशपुरनगर।** वनमण्डल जशपुर द्वारा प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन एवं जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित ''बीज गोला बनाबो-जशपुर के जंगल ला बढ़ाबो अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न परिक्षेत्रों में वृहद स्तर पर 2 लाख से अधिक सीडबॉल का रोपण किया गया।

रोपण कार्य मनोरा परिक्षेत्र के ग्राम सोगड़ा स्थित भैरवपहाड़, कुनकुरी परिक्षेत्र के हनुमान टेकरी तथा पत्थलगांव परिक्षेत्र के ग्राम ईला में मानव श्रृंखला बनाकर सम्पन्न किया गया। सीडबॉल तकनीक प्रकृति पुनर्निर्माण की एक प्रभावी एवं पर्यावरण अनुकूल पद्धति है। इस तकनीक में स्थानीय प्रजातियों के बीजों को मिट्टी एवं जैविक पदार्थ के मिश्रण से तैयार गोलों में अंतर्विष्ट कर दुर्गम एवं बंजर भूमि पर फैलाया जाता है।



मानसून प्रारंभ होने पर ये सीड बॉल स्वतः अंकुरित होकर वृक्षों में परिवर्तित हो जाते हैं। इस पद्धति से उन क्षेत्रों में भी हरियाली स्थापित की जा सकती है जहां पारम्परिक पौधरोपण संभव नहीं है। इससे जिले के वन क्षेत्र में विस्तार, मृदा संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन में दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा। इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई। पत्थलगांव परिक्षेत्र में विधायक पत्थलगांव एवं उपाध्यक्ष सरगुजा विकास प्राधिकरण श्रीमती गोमती साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कुनकुरी परिक्षेत्र में जनपद अध्यक्ष सुशिला सिंह एवं पूर्व उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने सहभागिता की।

### अभाविप में राखी को मिला महत्वपूर्ण दायित्व

**रायगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत का चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग राजिम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग के अंतिम सत्र में संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं, जिनमें विभिन्न दायित्वों की घोषणा भी शामिल रही। राखी बोहिदार पूर्व में नगर सह मंत्री, जिला कार्यसमिति सदस्य एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुकी हैं।



### 26 जून तक चलेगा नशा मुक्त भारत अभियान, कलेक्टोरेट में ली गई शपथ

**सारंगढ़।** नशा मुक्त भारत अभियान 17 से 26 जून अंतर्गत बुधवार क़ो कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ के सभाकक्ष में नशा मुक्ति का संकल्प अधिकारियों ने लिया। भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा देश में मादक पदार्थों की मांग में कमी हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना लागू की गयी है, जिसका उदेश्य आम जनमानस को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक एवं शिक्षित करना है। 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के महत्व को ध्यान में रखते हुए नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान विषय वस्तु पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर नशे के विरूद्ध योग फॉर वेलनेस कार्यकम का आयोजन किया जाएगा। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामूहिक शपथ कराया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नशामुक्ति संबंधित सामूहिक शपथ, पोस्टर निर्माण, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, साइकिल या बाइक रैली, योग सत्र, जागरूकता अभियान आदि का आयोजन कराया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बच्चों ने बिखेरे...

पृष्ठ 1 का शेष

और प्रसिद्ध चित्रकार प्रभात ने शिरकत की। साथ ही बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक भी कार्यक्रम में सहभागी रहे। समारोह के दौरान समर कैंप के प्रतिभावान बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स की एक भव्य प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे अतिथियों ने काफी सराहा। इसके साथ ही मंच पर बच्चों ने भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों के घुंघरू और कलात्मक प्रस्तुति ने दर्शकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सहभागी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। इससे पहले छत्तीसगढ़िया क्लाउड संस्था के संस्थापक डॉ. आनंद पांडेय ने समर कैंप के उद्देश्य, 15 दिनों की गतिविधियों और संस्था के आगामी रचनात्मक कार्यों की विस्तृत रूपरेखा सामने रखी।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त